# भगवान बिरसा की जन्मस्थली पर राष्ट्रपति का स्वागत: दीपक प्रकाश

**देश की पहली राष्ट्रपति पहुंचेंगी भगवान बिरसा की जन्मस्थली**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर पहुंच रही भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष ही प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया है। यह दिवस भगवान बिरसा की महानता और व्यापकता को परिलक्षित करता है। साथ ही झारखंड की धरती को भी महिमा मंडित करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत की पहली राष्ट्रपति भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि अर्पित करने पधार रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रपति पद भी महामहिम से सुशोभित हुआ जब कोई जनजाति समाज की महिला इस पद पर आसीन हुई हैं।उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता से राष्ट्रपति का विशेष प्रेम रहा है। उन्होंने झारखंड को नजदीक से समझा है।

## राज्य स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी आज पहुंचेंगे रांची



**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस समारोह शिरकत करने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे मंगलवार को दोपहर रांची पहुंच रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि रांची आगमन के उपरांत झारखंड के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस समारोह शिरकत करेंगे। इसके उपरांत अपराह्न 03 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली वापस लौट जाएंगे।

**हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति-2016 मामला**

# शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक

**अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तिथि निर्धारित**

**सर्वोच्च अदालत ने राज्य सरकार से मांगा जवाब**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति 2016 मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। सोमवार 14 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने प्रार्थी सोनी कुमारी द्वारा दाखिल अवमानना वाद पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई के लिए 28 नवंबर की तिथि निर्धारित की है।

सोनी कुमारी की ओर से अवमानना वाद दाखिल करने वाले अधिवक्ता ललित कुमार ने बताया कि कंटेम्प्ट के मेरिट पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोई पक्ष नहीं रखा गया है। कोर्ट ने नोटिस किया है, इसके बाद अब राज्य सरकार इसपर जवाब देगी। उन्होंने कहा कि तब तक के लिए कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। कंटेम्प्ट के माध्यम से सोनी कुमारी ने न्यायालय को यह जानकारी देने का प्रयास किया है कि 2 अगस्त को दिये गए सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर का झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और राज्य सरकार किस तरह से अवहेलना कर रहे हैं। प्रार्थी सोनी कुमारी ने झारखंड के मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, कार्मिक सचिव और जेएसएससी सचिव के खिलाफ अवमानना वाद दाखिल किया है। प्रार्थी का मानना है कि जेएसएससी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रिजल्ट प्रकाशित नहीं कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस परीक्षा के लिए प्रकाशित अंतिम कट ऑफ को आधार मानते हुए स्टेट लेवल रिजल्ट प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था, मगर जेएसएससी ने इसे नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से रिजल्ट जारी करना शुरू किया है।

**फिर अधर में नियुक्ति प्रक्रिया** : सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद पर सुनवाई के बाद एक बार फिर हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया लटक गई है। लंबी कानूनी लड़ाई की वजह से नियुक्ति प्रक्रिया पहले से ही बाधित थी। सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद जेएसएससी ने कॉउसिलिंग के लिए लिस्ट जारी करना शुरू किया था। जिसके बाद मेरिट लिस्ट को लेकर विवाद गहराने लगा और एक फिर मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है।

**क्या है मामला** : 2016 की नियोजन नीति के तहत झारखंड के 13 अनुसूचित जिलों के तृतीय और चतुर्थ वर्गीय पदों को उसी जिले के लिए आरक्षित किया गया था। वहीं गैर अनुसूचित जिले में बाहरी अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की छूट थी। इसी के तहत वर्ष 2016 में अनुसूचित जिलों में 8 हजार 423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9 हजार 149 पदों पर हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति शुरू की गई थी। वहीं 13 अनुसूचित जिले के स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित किए जाने के विरोध में हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए नियोजन नीति को असंवैधानिक बताते हुए उसे निरस्त कर दिया था।

## धरती आबा की जयंती आज, सीएम हेमंत सोरेन देंगे श्रद्धांजलि



**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज 15 नवंबर 2022 को पूर्वाह्न 7.45 बजे कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वहीं पूर्वाह्न 8:10 बजे बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पूर्वाह्न 9: 50 बजे ग्राम उलिहातू में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री अपराह्न 12: 20 बजे मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस होंगे। शाम 5: 00 बजे मुख्यमंत्री झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।


**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक : ........ दिनांक : ........

**आम सूचना**

झुमरी तिलैया नगर परिषद के दायरे में आने वाले सभी आकस्मिक, संविदा पर नियुक्त कामगार, नगर परिषद अन्तर्गत कार्य करने वाले सभी संवेदक/ठेकेदार/संस्थाओं, इत्यादि पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) के प्रावधान लागू होते है। Employees Provident fund and miscellaneous provisions Act, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत निकाय अन्तर्गत कार्यरत सभी संवेदकों/ठेकेदार/संस्थाओं का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) एवं कर्मचरी राज्य बीमा निगम (ESIC) में व्याप्ति/निबंधन अनिवार्य किया गया है।

उपरोक्त के आलोक में नगर परिषद कार्यालय स्तर से पूर्व में निदेशित किये जाने के बावजूद नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत संवेदक/ठेकेदार/संस्था/परामर्शी इत्यादि द्वारा EPFO एवं ESIC में निबंधन नहीं कराया गया है एवं इससे संबंधित कोई सूचना नगर परिषद को अप्राप्त है। इन संवेदकों/संस्थाओं के अन्तर्गत नियोजित/कार्य कर रहे श्रमिकों/कामगारों के भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा से संबधित अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराने के विषय में कार्य विपत्र समर्पित करते समय कोई सूचना नहीं दी जाती है एवं EPF/ESIC Remittance जमा नहीं कराया जा रहा है।

अतः इस आलोक में अंतिम रूप से निदेशित किया जाता है कि नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत संवेदक/संस्था/परामर्शी एवं उन सभी कार्यादेश जिनका भुगतान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से झुमरी तिलैया नगर परिषद के द्वारा किया जाता है को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे अपनी संस्था का निबंधन EPFO एवं ESIC कार्यालय में नियमानुसार कराते हुए निबंधन संख्या/कोड नगर परिषद कार्यालय को अनिवार्य रूप से अविलम्ब उपलब्ध करायेंगे। झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय को किये गये कार्य के विरूद्ध भुगतान हेतु विपत्र समर्पित करते समय EPFO एवं ESIC Remittance/Return की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। संवेदक/संस्था/परामर्शी द्वारा नगर निकाय के कार्य हेतु नियोजित/प्रयुक्त श्रमिकों/कामगारों के भविष्य निधि एवं राज्य बीमा की अंशदान राशि नियमानुसार जमा कराने से संबंधित Remittance/Return की EPFO एवं ESIC कार्यालय से निर्गत प्रति कार्य विपत्र के साथ संलग्न ना करने पर संवेदक/संस्था/परामर्शी को भुगतेय राशि से उसकी कटौती करते हुये EPFO एवं ESIC कार्यालय में अंशदान की राशि जमा करा दी जायगी। सामाजिक सुरक्षा से जुडे EPFO एवं ESIC के अनिवार्य प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने वाले संवेदक/संस्था के विरूद्ध काली सूची में शामिल करने, संवेदक/संस्था का निबंधन रद्द करने सहित झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं इस संबंध में सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जायगी।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 282262 Urban Development(22-23)#D



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 26/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 21.11.22 एवं 22.11.22 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.11.22 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.11.22 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनाबद्ध मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरकट्ठा | पंचायत बेलकपी विजय साव के घर से लेकर मंगल साव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1092900.00 | 2500.00 | 22000.00 | दो माह |
| 2 | बरही | पंचायत गौरियाकरमा, ग्राम बनगावां में कुंजा महतो के घर से टोंगरी तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1465000.00 | 2500.00 | 30000.00 | तीन माह |
| 3 | बड़कागांव | पंचायत चन्दौल के ग्राम पुन्दौल में भोला यादव के घर से मनोज राम के घर तक ईट सोलिंग एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1195900.00 | 2500.00 | 24000.00 | दो माह |
| 4 | बड़कागांव | बड़कागांव रेस्ट हाउस से लेकर धर्मचन्द महतो के खेत तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 828600.00 | 1250.00 | 17000.00 | दो माह |
| 5 | डाडी | डाडी उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू, हुवाग एवं आँगनबाड़ी केन्द्र संख्या–1 में चाहरदिवारी निर्माण। | 2724100.00 | 5000.00 | 55000.00 | तीन माह |
| 6 | बड़कागांव | ग्राम महुँगाई कला के गुहिया पोखर के दक्षिण और मेड़ की ओर गार्डवाल का निर्माण। | 969700.00 | 1250.00 | 20000.00 | दो माह |
| 7 | डाडी | मनोज करमाली के घर से लेकर ए0आर0के0 स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1958500.00 | 5000.00 | 40000.00 | तीन माह |
| 8 | सदर | ग्राम मण्डईकला में पुरैनी तालाब के सुन्दरीकरण हेतु गार्डवाल एवं सीढ़ी का निर्माण। | 2449600.00 | 5000.00 | 50000.00 | तीन माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 282222 District (22-23)_D



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग (जिला निर्वाचन शाखा)**

जागें, वोट डालने जाएं। अपना वोट काम में लाएं।।

एक वोट से होती जीत-हार। वोट न हो कोई बेकार।।

**मतदाताओं के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 01.01.2023 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसके दौरान आम नागरिक **दिनांक 09.11.2022 से 08.12.2022 तक** मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि हेतु आवेदन कर सकते हैं। पुनरीक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| क्र0 | गतिविधि | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन | 09.11.2022 (बुधवार) |
| 2 | दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि | 09.11.2022 (बुधवार) से 08.12.2022 (गुरूवार) तक |
| 3 | विशेष अभियान की तिथि | 12.11.2022 (शनिवार), 13.11.2022 (रविवार), 19.11.2022 (शनिवार) एवं 20.11.2022 (रविवार) |
| 4 | दावा एवं आपत्ति का निष्पादन | 26.12.2022 (सोमवार) तक |
| 5 | **मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन** | **05.01.2023 (गुरूवार)** |

**पुनरीक्षण अवधि में आम नागरिक निम्न सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं :–**

- दिनांक 01.01.2023, 01.04.2023, 01.07.2023 एवं 01.10.2023 की अर्हता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु **प्रपत्र–6** में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रवासी भारतीय **प्रपत्र–6क** में आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में नाम विलोपन हेतु **प्रपत्र–7** में आवेदन कर सकते हैं।
- मतदाता सूची में प्रविष्टयों का सुधार, EPIC प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिन्हिंकित करने, विधानसभा के अन्दर अथवा बाहर निवास स्थानांतरण हेतु **प्रपत्र–8** में आवेदन कर सकते हैं।
- दावा एवं आपत्ति आवेदन (विहित प्रपत्र–6, 6क, 7 एवं 8 में आवेदन समर्पित करने की अवधि दिनांक 09.11.2022 से 08.12.2022 तक निर्धारित है, इस दौरान सभी प्रकार के आवेदन BLO/AERO/ERO के कार्यालय में समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निःशुल्क है।
- दिनांक 12.11.2022, 13.11.2022, 19.11.2022 एवं 20.11.2022 को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जा जायेगा। अभियान दिवस में मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 के द्वारा पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा एवं आपत्ति प्रपत्र प्राप्त किये जाएंगे।
- सभी प्रपत्रों का Online आवेदन **www.nvsp.in** एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के **Voter Help Line App** एवं **voterportal.eci.gov.in** के माध्यम से किया जा सकता है।
- सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट **eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के वेबसाईट **ceo.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
- प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।
- मतदाता सूची में नाम निबंधित/सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क कर सकते हैं।
- सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वे अपने नाम एवं अन्य प्रविष्टियों की जाँच दिनांक 09.11.2022 एवं 05.01.2023 को प्रकाशित प्रारूप एवं अंतिम मतदाता सूची से कर लें।

सभी नागरिकों की भागीदारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेक्षित है।

**!! आईए हम भी लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभायें, मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें !!**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 282225 Election(22-23).D



**कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी**

**शुद्धि–पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी के द्वारा आमंत्रित ई.–निविदा आमंत्रण सूचना सं.– **WRD/MID/KHUNTI/F2-12/2022-23 Date :-17.10.2022**, (पी.आर. सं.–280247 Minor Irrigation (22–23)#D) की शर्त्त Section-II की कंडिका A-4(4.4A)(B) निम्न प्रकार पढ़ा जाए:–

Earth Work :- $911.31M^3$
Boulder Masonry :- $273.34M^3$
Boulder Pitching :- $25.965 M^3$
P.C.C/ R.C.C :- $133.12 M^3$

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगें।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

PR282335 (Mines and Geology)22-23*D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल खूँटी**

**शुद्धि सूचना**

भवन प्रमंडल खूँटी द्वारा निकाले गए निविदा सं0 – 16/2022–23 पी0आर0 संख्या –282007(Building)22-23*D के कमांक 01 में वर्णित कार्य को अपरिहार्य कारणवश रदद् किया जाता है। शेष कमांक संख्या 2 एवं 3 यथावत् रहेगी।

**नोट:–** (शुद्धि पत्र कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है)।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल खूँटी।

PR.NO.282242 Building(22-23):D



**Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Ramgarh**
(District Planning)

**Very Short Tender**

**Supply and Installation of 250 KVA, 3 Phase, silent genset machine in Ramgarh district, Jharkhand.**

Tender No: **05/2022** Ramgarh, Dated: - 14/11/2022

The District Administration Ramgarh invites tender from **"Supply and Installation of 250 KVA, 3 Phase, Silent Machiine".**

The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in. Response to this Tender shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/ Speed) or by hand as per the format specified in this Tender Document, at the following address latest by **01:00 PM on November 23rd, 2022.**

**Address for communication&Submission of documents**
District Planning Office, Ramgarh,
"B Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu,
Ramgarh, 825101
Phone: 06553-261558, Email:dporamgarh@gmail.com

The Tender would be opened in office of the Deputy Commissioner (DC) Office, "A Block", 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 on **November 24th, 2022 at 01:00 PM** in the presence of bidders who choose to be present and supporting documents are in order.

ह0/–
उप विकास आयुक्त
रामगढ़

PR 282292 District (22-23)_D


## राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर, गठबंधन सरकार को हटाना जरूरी : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट सरकार को हटाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा का भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। अब यह आंदोलन प्रखंड से निकल कर जिला स्तरीय और राज्य स्तर पर चलेगा। उन्होंने कहा कि जब से गठबंधन की सरकार राज्य में बनी है तब से लगातार खनिज संपदा की लूट मची हुई है। अवैध खनन के माध्यम से राज्य की सम्पति की लूट हो रही है। करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। राज्य को केंद्र सरकार की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं मिलती है, राज्य की झामुमो सरकार उसपर लापरवाही बरतती है। राज्य की सड़कें टूटी हुई है। बिजली की आंखमिचौनी से जनता परेशान है। गांव में पेयजल की समस्या है। यह भ्रष्ट सरकार जब तक नही हटेगी तब तक राज्य से भ्रस्टाचार, लूट, डकैती, अपहरण और महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर रोक नहीं लगेगी।

## पिछली सरकार में बिना प्लानिंग के हुए काम गठबंधन सरकार का विजन है स्पष्ट : बन्ना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने पिछली सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। प्रेस बयान जारी कर कहा कि पिछली सरकार ने बिना किसी नीति और प्लानिंग के वैसे स्थान पर भवन बना दिया, जहां आबादी न के बराबर है। भवन खंडहर बन गए। मैन पावर की कमी है। चिकित्सकों की कमी है। 22 साल के इस काल खंड में पहली बार महागठबंधन की सरकार ने झारखंड को विकास की पटरी पर लाने का काम किया है। जिसका परिणाम दिखने लगा है।

बन्ना गुप्ता ने कहा है कि विकास के लिए गठबंधन सरकार कटीबद्ध है। सरकार का विजन स्पष्ट है। पॉलिसी क्लियर है। एक तरफ हम मैन पावर की कमी को दूर कर रहे हैं तो दूसरी तरफ चिकित्सकों की नियुक्ति कर रहे हैं। 1900 चिकित्सकों की नियुक्ति की प्रकिया चल रही है। आधारभूत संरचनाओं को हम दुरुस्त कर रहे है। आधुनिक मशीनों और उपकरणों को लगाने का काम कर रहे है।



**झारखंड में मिलेगा उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा**

बन्ना गुप्ता ने कहा है कि मुख्यमंत्री गंभीर उपचार योजना के अंतर्गत इलाज की सीमा बढ़ाई गई है। पीपीपी मोड पर हार्ट मरीजों के लिए निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की गयी है। रांची सदर अस्पताल के नए भवन से अब मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं एमजीएम अस्पताल को नए सिरे से बनाने की प्रकिया शुरू हो गई है। बन्ना ने राज्य की जनता को विश्वास दिलाया है कि उन्हें इलाज के लिए दूसरे राज्य नहीं जाना होगा। हम राज्यवासियों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

# अदालत में था मामला फिर भी एसडीओ ने भूमि खाली कराने का दिया आदेश, हाईकोर्ट ने लगायी फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को कोडरमा एसडीओ द्वारा एक भूमि पर से कब्जा हटाये जाने के मामले सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूर्व में जारी किए गए आदेश पर यथास्थिति बनाने रखने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने कोर्ट को बताया कि प्रार्थी संतोष कुमार विवादित भूमि पर एक ढाबा का संचालन कर रहे थे, लेकिन कुछ दिनों पूर्व एसडीओ के आदेश से उनकी दुकान तोड़ दी गयी, जबकि यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है और वर्ष 2020 में हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद एसडीओ ने दुकान तोड़ने का आदेश दे दिया।

**प्रार्थी की दुकान वापस बनाकर दें : कोर्ट**



हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने एसडीओ के द्वारा की गई कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रार्थी की दुकान वापस बनाकर दें। हाईकोर्ट ने कहा कि जब इस मामले में न्यायालय आदेश पारित कर चुका है तो एसडीओ को अदालत के आदेश की अवहेलना नहीं करनी चाहिए। इस मामले में अदालत ने कोडरमा एसडीओ से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है।


**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़**

**(आम सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या 02 में अवस्थित टुटी झरना अन्तर्गत विवाह भवनों को विवाह हेतु नगर परिषद्, रामगढ़ के बोर्ड बैठक के निर्णय के आलोक में प्रति भवन प्रति विवाह 5000/– (पाँच हजार रूपये) मात्र के दर पर विवाह हेतु बुकिंग करा सकते हैं जिस हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता है:–

1. आधार कार्ड का छायाप्रति
2. विवाह कार्ड का छायाप्रति
3. आवेदन

विवाह भवनों की बुकिंग एवं अन्य शर्तें हेतु नगर परिषद् कार्यालय रामगढ़ में मोबाईल संख्या– 7004558480, 7979852821 पर संपर्क कर सकते है।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 282249 District(22-23).D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (समाज कल्याण शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला स्तरीय प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना कोषांग, रामगढ़ के लिए जिला योजना समन्वयक एकल पद एवं योजना सहायक एकल पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन सं0 236297 दिनांक 26.11.2022 के आलोक में कार्यालय में प्राप्त आवेदन का **Scrutiny** के उपरान्त प्रारंभिक औपबंधिक मेधा सूची **www.ramgarh.nic.in** पर प्रकाशित कर दिया गया है। उक्त सूची पर दिनांक 18/11/2022 तक आपत्ति आवेदन कार्यालय में समर्पित किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। साथ हीं निर्धारित तिथि तक किसी प्रकार का आपत्ति आवेदन प्राप्त नहीं होने पर प्रथम प्रकाशित प्रारंभिक औपबंधिक मेधा सूची को अंतिम मेधा सूची मान लिया जायेगा।

आदेशानुसार
ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
रामगढ़

PR 282240 Social Welfare,Women and Child Development(22-23).D


## प्रगति मैदान में निर्मित झारखण्ड पेवेलियन का मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया उद्घाटन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली/रांची।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश और एवं राज्य के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर उपस्थित थे। इस वर्ष झारखंड राज्य पार्टनर राज्य के रूप में अपनी भागीदारी कर रहा है। भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का थीम वोकल फॉर लोकल एंड लोकल टू ग्लोबल रखा गया है। इस मेले में झारखण्ड की संस्कृति एवं उद्योग को प्रदर्शन करने के लिए 800 वर्ग मीटर में निर्मित झारखण्ड पवैलियन का उद्घाटन राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। इस वर्ष कुल 12 विभागों, बोर्ड, निगमों 26 आर्टिजन से संबंधित तथा एसएमई से संबंधित उत्पादों का प्रदर्शित किया गया है।

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा भूख से मौत की क्या है परिभाषा

## अदालत ने दो सप्ताह में राज्य सरकार को जानकारी उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डा रवि रंजन व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि आखिर झारखंड सरकार किस आधार पर कह रही है कि राज्य में भूख से किसी की मौत नहीं हुई है। क्या झारखंड सरकार ने भूख से मौत होने को परिभाषित किया है। अदालत ने इसकी जानकारी दो सप्ताह में राज्य सरकार को पेश करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

**पिछले पांच सालों में भूख से झारखंड में कुल 34 लोगों की मौतः** सोनल तिवारी ने बताया कि पिछले पांच सालों में राज्य में भूख से कुल 34 मौत हो चुकी है। लेकिन राज्य सरकार इसे भूख की बजाय बीमारी से मौत होने की बात कहती है। पूर्व में सुनवाई के दौरान अदालत ने झालसा (झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार) से भी इसकी रिपोर्ट मांगी थी। राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब के बाद अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि सरकार यह स्पष्ट करें कि आखिर भूख से मौत का पैमाना (परिभाषा) क्या है। वहीं, इसको रोकने के लिए राज्य सरकार क्या तंत्र विकसित किया है। ताकि राज्य के लोगों को भूख से मौत नहीं हो।

### बोकारो में एक ही परिवार के तीन लोगों की भूख से हो गई थी मौत

बता दें कि बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के भूखल घासी की कथित तौर पर भूख से मौत हो गई थी। इसके छह महीने के बाद उनकी बेटी और बेटे की मौत हो गई। एक ही परिवार के तीन लोगों की भूख से मौत की खबर अखबारों में प्रकाशित होने के बाद हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

### सरकार का कहना है- भूख से नहीं हुई है किसी की मौत

पूर्व में अदालत ने मौखिक रुप से इसे स्पष्ट करने को कहा था, लेकिन सरकार की ओर से लिखित आदेश नहीं होने पर जवाब दाखिल नहीं किया गया। बोकारो में एक ही परिवार के तीन लोगों की भूख से मौत की खबर प्रकाशित होने पर अदालत ने संज्ञान लिया है और राज्य सरकार से जवाब मांगा था। राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब में कहा गया था कि पूरे राज्य में भूख से किसी की मौत नहीं हुई है। ऐसी स्थिति न हो इसके लिए राज्य सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही हैं। इसी मामले में अधिवक्ता सोनल तिवारी ने हाई कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल की थी।

### इनरव्हील क्लब का नेत्र चिकित्सा शिविर



**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ रांची डिस्ट्रिक्ट-325 के तत्वावधान में जी एंड एच उच्च विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डा राशी की देख रेख में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसमें लगभग 400 विद्यार्थियों के आंखों की जांच की गई। साथ ही साथ बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच चित्रकला की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम में क्लब की उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव, ज्योति तिवारी, सुषमा पांडेय, अनीता जयसवाल एवं शालिनी सिंह आदि उपस्थित रहीं।

## खबर एक नजर में

### मैरी हेलो किड्स स्कूल में बाल दिवस मना



**रांची।** कांके ब्लॉक स्थित मैरी हेलो किड्स स्कूल में सोमवार को बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। प्रधानाचार्या विमला शर्मा ने चाचा नेहरू के जीवन से जुड़ी बहुत सी बात बच्चों को बताई। बच्चों के बीच स्पूनरेस, टॉफी रेस, म्यूजिकल रेस, ट्रेजर हंट, बाल संतुलन रेस, तीन पैर दौड़, खो खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने उत्साह पूर्वक सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल याद किये गये चाचा नेहरू



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों के बीच क्रिकेट मैच हुआ तथा बच्चों को फिल्म दिखायी गयी। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहू नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय ने इस विशेष अवसर पर उन छात्रों को सम्मानित किया जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में ट्रॉफियां और प्रमाण पत्र जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस विशेष अवसर पर बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें संवारना और सही राह दिखाना हमारा कर्तव्य है।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास से नया भारत गढ़ने का सपना होगा पूरा : डॉ. नीता पांडेय



रांची। बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार, समाज, राष्ट्र सहित पूरी मानवता का कल्याण निहित है। इसलिए बच्चों को सही दिशा प्रदान करना समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है। उक्त बातें प्राचार्या डॉ.नीता पांडेय ने कैंब्रियन पब्लिक स्कूल ,कांके रोड में आयोजित बाल दिवस समारोह में कही। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से नया भारत गढ़ने के लिए अपनी भूमिका को निभाने की अपील की। मुख्य अतिथि आनंदमयी सिंह ने कहा कि बच्चों को मूल्यों और संस्कारों के साथ जोड़कर ही तरक्की संभव है। इस अवसर पर पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बाल दिवस पर शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए मनोरंजक और सृजनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने झारखंड स्थापना दिवस से जुड़े कार्यक्रम के तहत राज्य के लोकनृत्य, परंपरा और संस्कृति से जुड़ी झलकियां प्रस्तुत की। 'नो अबाउट योर स्टेट' शीर्षक कार्यक्रम के तहत बच्चों ने राज्य से जुड़ी कई दिलचस्प जानकारियां साझा की। कार्यक्रमों का संयोजन एक्टिविटी कॉर्डिनेटर आशा राज जबकि संचालन शिक्षिका सोना प्रसाद ने किया।

### हनुमान चालीसा का पाठ करने और उनके मन्त्रों का जाप करने से मनुष्य के सभी भय होता है दूर

**रांची।** भारत ही नहीं दुनिया के जिस कोने में हिंदू बसे हैं उनके हृदय में हनुमान चालीसा वास करता है। बहुत कम लोग मिलेंगे जिन्हे हनुमान चालीसा कण्ठस्थ न हो। सनातन धर्म में हनुमान जी को वीरता, भक्ति और साहस की प्रतिमूर्ति मानते हैं। महादेव के रुद्रावतार हनुमान जी को कई नामों से पुकारा जाता है। मान्यता है कि हनुमान जी अजर और अमर हैं और पुकारने पर मदद के लिए पहुंच जाते हैं। हनुमान चालीसा का पाठ करने और उनके मन्त्रों का जाप करने से मनुष्य के सभी भय दूर हो जाते हैं। हनुमान चालीसा के पाठ से भय दूर होता है, क्लेश मिटते हैं और मन में श्रेष्ठ ज्ञान के साथ भक्तिभाव जाग्रत होता है। यह कहना है श्री बालाजी महाराज के भक्त बर्नपुर वाले संतोष भाई जी का। महाराजा अग्रसेन भवन में रविवार से शुरू हुए अखंड सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ के दूसरे दिन भक्तों ने बालाजी महाराज के दरबार में बैठ 31 हजार हनुमान चालीसा के पाठ पूरे किए। ..........अखंड हनुमान चालीसा पाठ शुरू होने से पहले संतोष भाईजी के सानिध्य में आचार्य पंडित दिलीप शास्त्री और उनके सहयोगियों ने बालाजी के दरबार में पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान किए। मंत्रोचारण के बीच देवी देवताओं का आह्वाण किया। रांची के अलग-अलग लाखों से बालाजी के दरबार में पहुंचे भक्तों ने 7 से लेकर 81 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। ...... सोमवार को सवामनी प्रसाद की सेवा संतोष मिश्रा और आदित्य लोहिया परिवार द्वारा की गई, जबकि सुबह और शाम के भंडारे की सेवा शंकर शर्मा राजेश जालान कमल नारसरिया और उर्मिला जैन परिवार द्वारा की गई।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू की 132वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। पार्टी प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पूरे विश्व में भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंडित नेहरू को देश के गरीबों से प्रेम था। देश के भविष्य बच्चों से प्रेम था और सबसे बड़ी बात यह थी कि वो सदैव देश के विकास के प्रति चितिंत रहते थे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि भारत में धर्मनिरपेक्षता की पुरजोर वकालत करने वाले, वैज्ञानिक व सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले, आधुनिक भारत के शिल्पकार, देश के बच्चों के चाचा नेहरू, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जन्म जयंती पर उन्हें हम सभी आज नमन कर रहे हैं।

उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने इस अवसर पर पं नेहरू के संकल्पों को दुहराया तथा इसे पूरा करने के लिए अथक परिश्रम करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि हम लोकतंत्र और सामाजिक न्याय पर आधारित ऐसे बहुलतावादी समाज की स्थापना के उनके इरादों को साकार करने की कोशिशों में अनवरत लगे रहेंगे, जिसमें सभी के पास समान अधिकार और अवसर हों और जहां राष्ट्रीय सम्पदा और सम्पन्नता पर सबका बराबरी का हक हो। भारत और भारतवासियों की एकता और अखंडता को बनाए रखेंगे और विभाजनकारी विचारधारा और नफरत फैलाने वाली राजनीति से देश की रक्षा करेंगे।

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, निरंजन पासवान, जगदीश साहु, नेली नाथन, भानू प्रताप बड़ाईक, प्रेम कुमार, सुरेन राम, केके गिरी, सुभाष अग्रवाल, उमेश चौधरी, राजीव प्रकाश चौधरी, बिनोद सिंह, प्रभात कुमार, नरेन्द्र लाल गोपी, मो फिरोज आलम, अजय कुमार, दामोदर प्रसाद, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

### नीरजा सहाय में याद किये गये चाचा नेहरू



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी परिसर बाल दिवस के उपलक्ष्य में किलकारियों से गुलजार रहा। प्रातः प्रार्थनासभा में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहार लाल नेहरू के जन्मदिवस पर उनके छाया चित्र पर पुष्पअर्पण किया गया। तदुपरांत छात्रों द्वारा कई रंगारंग एवं शिक्षाप्रद अभिव्यक्तियों द्वारा उन्हें याद किया गया। अभिभाषण, क्विज कविता आदि के माध्यम से पं. नेहरू के जीवन एवं कृत्य को अंकित किया गया । विभिन्न कक्षाओं के लिए कई खेल-कूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जैसे थ्री लेगेड रेस, सैक रेस, स्लो रेस, बैलेंसिंग नोटबुक रेस, वॉली बॉल, फैंसी ड्रेस, खो खो आदि स्पधाओं में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपेक्षा से अधिक उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## स्थापना दिवस समारोह पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन की ओर से सोमवार को आईएमए हॉल में 22वें झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पारंपरिक तरीके से सदस्यों का स्वागत किया गया। चेयर पर्सन विनीता शरण, को-चेयर पर्सन झूमा सरकार, अध्यक्ष बिंदु प्रसाद एवं सचिव डॉक्टर सोनी सिन्हा ने सभी सदस्यों को झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर आदिवासी जनजातीय कलाकारों के द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला कदमताल नृत्य और मनभावन नागपूरी गीत प्रस्तुत किए गए। सभी कलाकारों को अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किया गया। बाल दिवस के मौके पर भी शारण्या बनर्जी हमारी सदस्य संचिता मुखर्जी की बेटी ने मनमोहिनी नृत्य प्रस्तुत किया। पूरा आई एम ए, हॉल झारखंड के रंग में रंगा दिखा। खाने में भी झारखंड के व्यंजन धुसका ,बर्रा, अनरसा थे। सचिव डॉक्टर सोनी सिन्हा ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन पेश किया। मौके पर उपस्थित सदस्यों में संगीता शरण, मीनाक्षी महतो,शंपा चटर्जी , डॉ विनीता सिन्हा, दीपा चौहान शामिल थीं।

### सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय जागरण पर वेबिनार का होगा आयोजन

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जयशंकर प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय जागरण एवं जयशंकर प्रसाद की भूमिका विषय पर वेबिनार का आयोजन करने जा रहा है। इस वेबिनार का आयोजन 15 नवंबर 2022 (मंगलवार) की दोपहर 3 बजे से 04:00 बजे तक ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता मणिपुर विश्वविद्यालय इंफाल के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ यशवन्त सिंह होंगे। इस सूचना से सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए सीबीएसई की ऑफिसियल वेबसाइट देख सकते है। यह जानकारी सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने दी।

### 27 नवंबर को अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच का राज्यस्तरीय अधिवेशन रांची में

**रांची।** आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई अखिल झारखण्ड बुद्धिजीवी मंच का राज्यस्तरीय अधिवेशन 27 नवंबर को रांची में होगा। अधिवेशन को लेकर आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को कांके स्थित आवास पर अखिल झारखण्ड बुद्धिजीवी मंच के रांची प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बुद्धिजीवी मंच के सभी जिलों, प्रखंड एवं पंचायत में गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार करने की चर्चा की गई तथा अधिवेशन के दौरान सभी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिया।

### बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू से नेतृत्व के गुण सीखने चाहिए : विजय शर्मा



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में सोमवार को बाल दिवस सह पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा से कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दशम तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ चाचा नेहरू की प्रतिमा पर विद्यालय सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, उप प्राचार्य विमलेश कुमार अवस्थी तथा अभिभावकों के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न प्रकार से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। श्री शर्मा ने बताया कि बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू से नेतृत्व के गुण सीखने चाहिए । साथ ही हमें अपने से छोटे बच्चों के प्रति स्नेह भाव रखना चाहिए । उन्होंने शिक्षकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को स्नेह के साथ अध्यापन कराना चाहिए। वहीं वाइस प्रिंसिपल विमलेश कुमार अवस्थी ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक वर्ष बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें शिक्षक अपने आप को छात्रों के प्रति खुलकर प्रस्तुत करते हैं।

### पासवा ने किया बाल दिवस पर बच्चों को प्रोत्साहित

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा की ओर से पूरे प्रदेश में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु की जयन्ती के अवसर पर बाल महोत्सव का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को कई कार्यक्रमों में शामिल होकर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी एवं बच्चों के लिए आयोजित खेल कूद ,डांस,नृत्य एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया। एचएम पब्लिक स्कूल में शिक्षकों द्वारा कई गीतों के साथ गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया।

### बर्लिन पब्लिक स्कूल बाल दिवस आयोजित

**रांची।** बर्लिन पब्लिक स्कूल में पूर्व प्रधान मंत्री स्व श्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के जन्म दिवस पर बाल दिवस मनाया गया उदघाटन डॉक्टर बिरसा उरांव ने दीप प्रज्वलित कर किया , बच्चो द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही वॉली बाल और फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। खेल शिक्षक संभू कुमार ने रैफरी का काम किया, दोनो स्कूल के शिक्षक उपस्थित हुए। मनोज उरांव,सतेन्द्र सिंह अरविंद सिंह विनय कुमार, आनंद नायक चित्रा सहित अन्य शिक्षको ने सहयोग किया।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बाल दिवस समारोह का आयोजन



**राँची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों को मैजिक शो तथा कार्टून सिनेमा दिखाया गया। सभी बच्चे पूरे उत्साह के साथ मैजिक शो तथा कार्टून सिनेमा का लुफ्त उठाए। इस अवसर पर विद्यालय में क्रिकेट का भी आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों ने भरपूर मनोरंजन किया। कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को शहर के प्रतिष्ठित सिनेमाघरों - पॉपकॉर्न सिनेमा, सुजाता सिनेमा तथा फन सिनेमा में 'ऊंचाई' फिल्म दिखाया गया।

### मनन विद्या में बाल दिवस मनाया गया



**रांची।** मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल में बाल दिवस मनाया गया। मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल में दिनांक 14/11/2022 (सोमवार) को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन श्री मनरखन महतो एवं प्रधानाचार्या रेखा नायडू ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन पर पुष्प अर्पित किए।

### डीएवी बरियातू में बाल दिवस, कई कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में बाल दिवस के आयोजन में कक्षा तीन से छह और कक्षा सात से दस के विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों द्वारा मॉर्निंग एसेम्बली का आयोजन किया। इसमें प्रेयर, प्लेज , थॉट, एवं स्पीच शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कक्षा तीन से छह के विद्यार्थियों के लिए शिक्षिकाओं ने शब्दों के साथ उसके गूढ़ भावनाओं को समझो पर शिक्षाप्रद हास्य नाटिका प्रस्तुत की । इसका बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी लुत्फ उठाया। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के क्रिकेट टीम और शिक्षकों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। क्रिकेट के रोमांच से भरे इस मैच को विद्यार्थियों ने अन्तिम ओवर में दस रनों से जीता। एल.केजी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के लिए भी शिक्षकों द्वारा एसेम्बली, स्किट, रोल प्ले का आयोजन किया गया।

### गोंदवाना प्राइमरी स्कूल में फैंसीड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची।** सीएमपीडीआई चैप्टर द्वारा बाल दिवस के अवसर पर सीएमपीडीआई के कॉलोनी परिसर स्थित गोंदवाना प्राइमरी स्कूल में एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा-5 तक के बच्चे एवं बच्चियां सम्मिलित हुईं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूली बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देने तथा व्यक्तिगत व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्कूल के वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## एग्रीकल्चर सस्टेनेबिलिटी राज्य में जरूरी : डॉ अजीत सिन्हा

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जी यूनिवर्सिटी के वीसी डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि एग्रीकल्चर सस्टेनेबिलिटी राज्य में आवश्यक है। डॉ सिन्हा सोमवार को संत जेवियर कॉलेज के बॉटनी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने फ्रांस के विषय को आज के परिपेक्ष में अति महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जब हम सस्टेनेबिलिटी की बात करते हैं तो 22 साल के इस झारखंड राज्य दशा और दिशा पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा और बेरोजगारी के कारण झारखंड राज्य में एग्रीकल्चर सस्टेनेबिलिटी का अभाव है। इसमें एनवायरमेंट और फॉरेस्ट्री इसका भी उतना ही महत्वपूर्ण स्थान है। सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के लिए अनुकूल वातावरण या पर्यावरण के साथ-साथ फॉरेस्ट्री भी अच्छी होनी चाहिए। हॉर्टिकल्चर और फ्लोरीकल्चर से जहां हम आर्थिक नजरिए से मजबूत हो सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर हमें वैज्ञानिकों की सलाह और शोधकताओं के शोध के आलोक में बहू फसल उप जाने की जरूरत है। फ्लोरीकल्चर लाख अनुसंधान फिशरीज जैसे क्षेत्र में भी संभावनाओं को तलाशें। सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में सकारात्मक निर्णय सामने आएंगे। इसका आयोजन सेंट जेवियर्स कॉलेज के बॉटनी डिपार्टमेंट इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ साइंस एंड रिसर्च कोलकाता इंटरनेशनल कंसोर्सियम ऑफ कंटेंपरेरी बायोलॉजिस्ट रांची कौन फेडरेशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी न्यू दिल्ली के संयुक्त तत्वधान में किया गया था। डा कामिल बुल्के पथ स्थित संत जेवियर कॉलेज के फादर सी डिब्रावर हाल में सोमवार को 14 से 16 नवंबर तक तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। डॉक्टर प्रदीप बंदोपाध्याय,सीआईयू बिल्ली के डॉक्टर तन्मय रुद्रा आईसीएआर के फॉर्मर डायरेक्टर डॉ जनार्दन जी वेस्ट बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ एनिमल एंड फिशरी साइंस के पूर्व वीसी डॉक्टर चंद्रशेखर चक्रवर्ती सीएसआईआर सेंट्रल ग्लास एंड सेरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट कोलकाता के डॉक्टर सी तेंदू मंडल बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ ओमकार नाथ सिंह आदि ने कांफ्रेंस में एनवायरनमेंट फॉरेस्ट्री एंड सस्टेनेबल एग्रीकल्चर विषय पर अपने विचार रखें।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस का हुआ आयोजन



**ब्राम्बे।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल रांची में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुएसभी छात्र छात्राओं ने हृदय से इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानाध्यापिका महोदया डॉ रोमी झा के संरक्षण में कार्यक्रम को बहुत ही रोचक और मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर छात्रों ने खेलकूद का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा जलेबी रेस, किया गया। साथ ही साथ संगीत पर शहर को चुनने का कार्यक्रम हुआ। अन्य प्रतियोगिताएं भी कराई गई।

## खबर एक नजर में

### भाजपा मनायेगी जनजातीय गौरव दिवस

रांची। भाजपा 15 नवंबर को बिरसा जयंती के उपलक्ष्य में राज्य के सभी जिलों में बूथ स्तर पर समारोह आयोजित करेगी। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया है। जो झारखंड और जनजाति समाज को गौरवान्वित करने वाला है।

### आमंत्रण पत्र में नाम नहीं, मेयर ने जताई आपत्ति



रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के आमंत्रण पत्र में नाम नहीं होने पर मेयर डॉ आशा लकड़ा ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार व अधिकारियों ने जानबूझकर प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है, जबकि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव व झारखंड प्रभारी को तरजीह दी गई है। मेयर ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किसी भी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री व मुख्य अतिथि के बाद मेयर का स्थान होता है। राज्य सरकार की ओछी मानसिकता स्पष्ट हो चुकी है।

### सीआइटी में मना जनजातीय गौरव दिवस



रांची। सीआईटी में सोमवार को जन जातीय गौरव दिवस मनाया गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आलावा पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताएं हुई। प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने कहा कि इस बार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का विशेष महत्व है। मौके पर प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थी कुमारी निकिता, कुमारी भारती, अंबिका, अभिषेक नंदन, अरुंधती, श्रेया, कोमल, अनुष्का कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो अरशद उस्मानी, प्रो अंकित कुमार, प्रो तापस कुमार, प्रो अमित चतुर्वेदी, प्रो स्नेहा त्रिवेदी, प्रो शिवानी कर्ण, प्रो स्वेता सोनाली ढाल की भूमिका अहम रही।

### लेक्चरर नियुक्ति घोटाला मामले में सीबीआइ ने शपथ पत्र दाखिल करने के लिए मांगा समय

रांची। हाइकोर्ट के जज एसके द्विवेदी की अदालत ने सोमवार को लेक्चरर नियुक्ति घोटाला मामले में आरोपियों की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की। मामले में सीबीआइ की ओर से शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह का समय मांगा गया। कोर्ट ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले की सुनवाई 7 दिसंबर निर्धारित की। सीबीआइ की ओर से प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। प्रार्थियों की ओर से बताया गया कि मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है।वे निर्दोष हैं। अग्रिम जमानत देने का आग्रह कोर्ट से किया।

सिटी की अन्य खबरें पेज 9 पर भी देखें...

## राज्य स्थापना दिवस समारोह में आज होंगे सम्मानित

# 36 पुलिस अधिकारी और कर्मियों को मिलेगा पदक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। आज 15 नवंबर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के 36 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इन पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों का चयन पुलिस मुख्यालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने किया है और इसकी अनुशंसा राज्य सरकार को भेजी गई है। इनमें सीआइडी के आइजी असीम विक्रांत मिंज, हजारीबाग प्रक्षेत्र के डीआइजी नरेंद्र कुमार सिंह, रांची रेंज के डीआइजी अनीश गुप्ता को सराहनीय सेवा के लिए



झारखंड पुलिस पदक दिए जाने की अनुशंसा की गई है।

इन तीन श्रेणियों में पदक के लिए पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों के नामों का चयन किया गया है, उनमें वीरता के लिए दो पुलिस पदाधिकारियों को झारखंड मुख्यमंत्री पदक, विशिष्ट सेवा के लिए दो पुलिसकर्मियों को झारखंड राज्यपाल पदक व सराहनीय सेवा के लिए 32 पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों को झारखंड पुलिस पदक शामिल हैं।

**ये अधिकारी और कर्मी होंगे सम्मानित** : आईजी असीम विक्रांत मिंज, रांची के डीआईजी अनीश गुप्ता, डीआईजी नरेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट इन्द्रजीत महथा, एसपी सुरेन्द्र कुमार झा, एसपी नौशाद आलम अंसारी, डीएसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी दीपक कुमार शर्मा, डीएसपी मुकेश कुमार, डीएसपी दीपक कुमार पांडेय, अवर निरीक्षक मो अरशद खां, एसआई सुदामा सिंह, एसआई सुखराम उरांव, एसआई मुकुन्द बानरा, एसआई अन्सलेम फ्रांसिस सोय, एसआई बिहारी उरांव, एसआई बिहारी मरांडी, एसआई ईश्वरी सिंह, एएसआई सुबोध कुमार, एएसआई विनय कुमार पांडेय, एएसआई बंदना उरांव, एएसआई राम प्रवेश कुमार, हवलदार इसहाक डोडराय, हवलदार प्रशान्त कुमार महतो, रामाशंकर कुमार, अमित गुरुंग, एमानुएल टुडू, हवलदार जारका कोरवा, हवलदार धर्मेन्द्र कुमार, दुर्गा उरांव और कुंवर मुण्डा, अजय कुमार सिंह, हवलदार भूषण शर्मा, हवलदार अंजुला कुजूर, अनुपा कुमारी, सूर्य बहादूर धर्ती के नाम शामिल हैं।

## स्थापना दिवस पर मोरहाबादी में त्रिस्तरीय होगी सुरक्षा व्यवस्था



**सुरक्षा में 3000 जवान तैनात, सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी से होगी पूरे राजधानी की निगरानी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड स्थापना दिवस पर मंगलवार को राजधानी की सुरक्षा में 3000 जवानों को तैनात कर दिया गया है। सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में एक टीम तैनात की गई है। मोरहाबादी स्थित आयोजन स्थल की सुरक्षा तीन लेयर में होगी। इनमें 6 डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर और 80 दारोगा के अलावा 600 अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है। सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता के अलावा जैप और जगुआर की टीम को तैनात किया गया है।

**मोरहाबादी में सड़क के किनारे ठेला-खोमचा लगाने पर पाबंदी** : मोरहाबादी स्थित आयोजन स्थल के आस-पास में अवैध पार्किंग वर्जित रहेगा। सड़क किनारे लगने वाले ठेले-खोमचे को बंद कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं राज्यपाल और सीएम के विभिन्न जगहों पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी वहां सजने वाली अवैध दुकानें हटाने का निर्देश दिया गया है। कहीं भी अवैध पार्किंग में कोई वाहन पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है।

## झारक्राफ्ट की पूर्व सीइओ रेणु गोपीनाथ जदयू में शामिल

रांची। जनता दल यूनाइटेड, झारखंड के प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को झारक्राफ्ट की पूर्व सीईओ रेणु गोपीनाथ पणिक्कर ने पार्टी की सदस्यता ली। राज्यसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने उम्मीद जतायी कि इससे राज्य में और भी महिलाओं, युवाओं को जोड़ने में मदद मिलेगी। पार्टी संगठन मजबूत होगा। कंबल घोटाले में रेणु गोपीनाथ का नाम होने के मसले पर उन्होंने कहा कि उनके बारे में उन्होंने जानकारी हासिल कर ली है। केस में नाम आने से कुछ नहीं होता। किसी कोर्ट में न तो मामला चल रहा है और न ही कोई सजा हुई है। उनकी योग्यता का लाभ निश्चित तौर पर पार्टी को मिलेगा। खीरू महतो ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति मिलने के बाद रेणु गोपीनाथ को संगठन में शामिल किया गया है।

## सीएम आवास पर नेहरू जयंती पर बाल अधिकारों पर हुई चर्चा, बाल पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से किया सवाल

# खेल क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं लड़कियों को उनके माता-पिता उन्हें सपोर्ट करें, सपनों को दें उड़ान: मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में यूनिसेफ के बाल पत्रकारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने बाल पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बाल पत्रकारों स्पोर्ट्स, समावेश और विविधता, जो कि इस वर्ष के बाल दिवस का थीम है, पर सवाल पूछने का अवसर दिया। इस कार्यक्रम में जिले के 7 प्रखंडों के बीच 20 बाल पत्रकार शामिल थे। मुख्यमंत्री से कई मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गयी। मौके पर यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्र, यूनिसेफ की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग उपस्थित थीं। इस दौरान एक बाल पत्रकार अनन्या केसरी ने सवाल पूछा कि



आप बचपन से ही मुख्यमंत्री बनना चाहते थे या फिर आपका कोई और सपना था। इस पर सीएम ने कहा कि आमतौर पर बचपन में मुख्यमंत्री या मंत्री बनने के विषय पर नहीं सोचे थे। संयोग से मैं राजनीतिक क्षेत्र में आया।

वहीं, अनुप्रिया कुमारी ने प्रश्न किया कि राज्य में बहुत सी लड़कियां हैं, जो खेलकूद में आगे रही हैं, उनके मनोबल को तोड़ा जाता है, उन माता-पिता को आप क्या कहना चाहेंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं उन सभी बच्चियों के माता-पिता से आग्रह करता हूं कि जो बच्चियां खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती हैं उन्हें जरूर मौका दें।

शिवम प्रमाणिक ने प्रश्न किया कि बाल अधिकारों को सुनिश्चित करना कितना महत्वपूर्ण है। इसके उत्तर में सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हरसंभव बाल अधिकारों का संरक्षण हो। बाल अधिकार पहले भी जरूरी था अब भी है और आगे भी रहेगा।

डिंपल कुमारी ने प्रश्न पूछा कि वह कौन सी पहल है जिसके माध्यम से लड़के एवं लड़कियों को समान रूप से खेलने का अवसर मिलेगा। इस पर जवाब दिया कि हमारी सरकार ने राज्य में खेल प्रोत्साहन के लिए कई सारे पहल किए हैं। मुख्यमंत्री ने फुटबॉल खिलाड़ी अष्टम उरांव का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य में कई बच्चियां हैं जिन्होंने फुटबॉल के क्षेत्र में परिवार और राज्य का नाम रोशन किया है।

करण कुमार ओझा ने पूछा कि आपकी सफलता के पीछे किन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने उत्तर में कहा कि मेरी सफलता में सबसे पहले माता-पिता का योगदान रहा है। इसके बाद मेरी पत्नी का भी सपोर्ट काफी रहा।













# बाल दिवस: शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम

## नेहरू जयंती पर बच्चों ने की मस्ती

### बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण कर पर्यावरण संरक्षण के गुर सीखे

खबर मन्त्र संवाददाता



शैक्षणिक भ्रमण करते स्कूली बच्चों को जानकरी देते सचिव।

**ओरमांझी।** क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में सोमवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 133वीं जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस बीच बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण व आयोजित कार्यक्रमों में जमकर मस्ती किए। मांउट कार्मेल स्कूल ओरमांझी में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं निदेशक फादर मैथ्यू ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला और नेहरूजी को बच्चे चाचा नेहरू क्यों बोलते थे, इसकी जानकारी दी। उन्होने स्कूली बच्चों को चाकलेट भी प्रदान किए। इसके अलावा माउंट हेरा स्कूल इरबा के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों को लेकर क्यूरेस्टा ग्लोबल के पार्क पहुंचे स्कूल के सचिव आफताब आलम ने बताया कि बच्चों को भ्रमण कराने के साथ स्वस्थ्य रहने व पर्यावरण स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बर्लिन पब्लिक स्कूल में निदेशक डॉ बिरसा उराव द्वारा नेहरूजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं बर्लिन पब्लिक स्कूल और जेडीएम स्कूल के बच्चों के बीच वॉलीबॉल और फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। साथ ही छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के सचिव मनोज उराव, प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, अरविंद सिंह, देवेश कुमार, आनंद नायक, रितु कुमारी, चित्रा कुमारी, लवली लिंडा, शम्भू कुमार आदि उपस्थित थे।

### कांके: बाल दिवस पर ड्राइंग प्रतियोगिता

**कांके।** मनातू गांव कांके में समाजसेवी अनूप कुमार महतो के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया स इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्या सुषमा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो के जिला मंत्री दीपक महतो एवं आशीष कुमार महतोए राम प्रसाद महतोए सुरेश महतोए महतोए प्रेम किशोर महतोए गुड्डू बड़ाईकए दीपक मेहताए तुलसी महतोए हेमावंत सिंहए निलंबर सिंहए नित्यानंदए छोटू इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद थे स ड्राइंग प्रतियोगिता में अभि महतो को प्रथम पुरस्कारए स्वाति कुमारी को द्वितीय पुरस्कार एवं स्वेता कुमारी को तृतीय पुरस्कार मिला स साथ ही विवेकए सुजलए अभिषेकए अनीशाए नीतूअंजलि को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### रातू: बाल दिवस पर याद किये गये चाचा नेहरू

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में सोमवार को राष्ट्रीय बाल दिवस की धूम रही। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। संडे मार्केट स्थित एपीईजी आवासीय विद्यालय परिसर में बच्चों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां घंटों गीत.नृत्य का दौर चला। बच्चों ने मनमोहक कला की छटा बिखेर दर्शक और श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। निदेशक अरविंद झा ने उन्हें सर्टिफिकेट व पुस्तक देकर उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने बाल दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। श्री झा ने बच्चों को देश का बेहत्तर भविष्य बताते हुये चाचा नेहरू के मार्ग पर चलने की नसीहत दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका व अभिभावक आदि मौजूद थे।

### शिक्षण संस्थानों में मनाया गया बाल दिवस

**चान्हो/मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर, ब्राइट होप्स स्कूल हेशमी, न्यू कैंब्रियन पब्लिक स्कूल बिजुपाड़ा सहित क्षेत्र के लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में सोमवार को बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच बाल दिवस के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इस अवसर पर कई प्रकार के प्रतियोगिताओं का भी शिक्षण संस्थानों में आयोजन किया गया था जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। न्यू कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रिया शर्मा ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें चाचा नेहरू के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वहीं ऑक्सब्रिज स्कूल के प्राचार्य तौफीक आलम ने भी बच्चों के बीच उपहारों का वितरण किया।

## स्पीड न्यूज

### चान्हो: कोयला तस्करी के आरोप में दो को जेल

**चान्हो।** अवैध रूप से कोयला तस्करी करने के आरोप में चान्हो पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि पिक अप वैनए जेएच01 इ के 6583ए में अवैध रूप से कोयला लेकर चान्हो थाना क्षेत्र निवासी तेईस वर्षीय आसीन अंसारी एवं कैरो लोहरदगा के बीस वर्षीय सफीक अंसारी रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना पर चान्हो पुलिस ने एनएच पर करकट मोड़ के निकट इन्हें रोका पर ये लोग कोयले का कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाए। बताते चलें कि क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार इन दिनों चरम पर है। प्रत्येक दिन दर्जनों मोटरसाइकिल सवार अवैध कोयले की तस्करी करते हुए देखे जा रहे हैं।

### दो वाहनों की टक्कर में दो घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र तिलाईपीढ़ी और जिलिंगसेरेंग मोड़ के समीप सिल्ली, टिकर, रंगामाटी सड़क पर पिकअप वैन और टाटा म्यूजिक वैन के बीच सीधी टक्कर हो गई। जिससे दोनों गाड़ी के चालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना सोमवार दिन के 1 बजे के आसपास की है। टाटा म्यूजिक वैन जमशेदपुर से बेगूसराय जा रहा था। पिकअप वैन गोला से समान खाली कर चांडिल लौट रहा था। इसी दौरान टक्कर हुआ है। टक्कर से टाटा म्यूजिक वैन के चालक अशोक राय का बायां पैर टूट गया है । पिकअप वैन के चालक मंजय पासवान भी गम्भीर रूप से घायल हुआ है।

### सोनाहातू में प्रगतिशील किसानों की बैठक

**सोनाहातू।** प्रखंड के एटिक सेंटर में प्रमुख विक्टोरिया देवी की अध्यक्षता में किसान मित्रों एवं प्रगतिशील किसानो की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में केसीसी एवं रवि फसल के लिए फसल विस्तार के तहत आवंटित चनाएओर सरसों बीज वितरण के लिए स्थल चयन किया गया। इसके लिए ब्लॉकचेन के माध्यम से लाभुकों का पंजीकरण कराने हेतु बीटीएम दीनानाथ भगत द्वारा जानकारी दी गई।

### महाजुटान को लेकर बैठक आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखण्ड झामुमो की ओर से कार्यकताओं की एक बैठक सिल्ली के नीलगिरी पार्क में आयोजित की गयी है। इसकी जानकारी प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने देते हुए बताया कि इस बैठक में दक्षिणी जोन के कार्यकर्ता भाग लेंगे बैठक में रांची में आगामी 16 एवं 17 को महजुटान कार्यक्रम को तैयारी पर चर्चा होगी।

### बेड़ो में कब्रिस्तान शेड का शिलान्यास

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के अंतर्गत पंचायत हरिहरपुर जामटोली के महरु गांव में सोमवार को 15 वें वित्त आयोग के तहत मुखिया लक्ष्मी कोया व पूर्व मुखिया सह युवा नेता सुनील कच्छप ने संयुक्त रूप से मुस्लिम कब्रिस्तान शेड का शिलान्यास किया। वहीं मौके पर पंचायत समिति फुलमनी देवीए समाज सेवी महाकाल लोहराए रंजीत कुजूरए सरवर खान एरसीद मीरएआफताब खानएपहान सुखदेव धानए पुजार चरवा मुंडाएमंजित धानए जाफर मीर अईनुल खानए नौशाद मीरए जुम्मन मीर व जवेदुल मीर समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को जेल

**चान्हो।** दुष्कर्म के असफल प्रयास करने वाले अभियुक्त को चान्हो पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। बताते चले सोनचिप निवासी आशिक अंसारी के खिलाफ पीड़िता के द्वारा थाने में दर्ज कराई गई । प्राथमिकी के अनुसार रविवार को पीड़िता अपने घर से अपने खेत की ओर काम करने जा रही थी। इसी दौरान जैसे ही वह आशिक के घर के पास से गुजरी उसने उसका हाथ पकड़ कर जबरदस्ती अपने घर के अंदर खींच लिया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां वहां पहुंची और आशिक के चंगुल से उसे बचाया। इस दौरान उसने घटना की जानकारी किसी को देने पर दोनों को ही जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़ित परिवार ने रविवार की शाम थाने में मामला दर्ज कराया था।

# कोयला व्यवसायी से लेवी वसूली में टीएसपीसी के तीन धराये

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर कोयला व्यवसाई एवं विकास के कार्य में लगे कोल ट्रांसपोटर एव ठेकेदारो से लेवी की मांग करने वाले अपराधियों के विरुद्ध पिपरवार पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी। चतरा एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर टीएसपीसी एरिया कमांडर विनोद महतो उर्फ मुरारी जी के दस्ता के तीन सदस्यों को पिपरवार के ग्रामीण क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया।

घटना में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल व सीम कार्ड सहित एक लाल काला रंग का बुलेट मोटरसाइकिल एवं सफेद रंग का स्कॉर्पियो जप्त किया गया द्यइस घटना के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह ने कहा कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर विनोद महतो उर्फ मुरारी जी के दस्ता के सदस्य गोवर्धन महतो उर्फ पिंटू पिता जोहर महतो उम्र 24 वर्ष ग्राम बेती टोला जोबिया थाना पिपरवार चतराएललित महतो उर्फ संदीप कुमार पिता बालेश्वर महतो उम्र 29 वर्ष एएवं सुरेंद्र महतो पिता स्वर्गीय लेदु महतो ग्राम बेतांगी थाना बुढ़मू जिला रांची आदि सदस्यों द्वारा पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कोयला कारोबारियोंए कोल ट्रांसपोर्टर एवं विकास के काम पर लगे ठेकेदार से टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर जबरन लेवी मांगे जाने को लेकर छापामारी टीम का गठन कर क्षेत्र से इन तीनों टीएसपीसी सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय टीएसपीसी एरिया कमांडर विनोद महतो उस स्थान पर मौजूद था, लेकिन वह अंधेरा का लाभ लेकर भागने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि इन तीनों टीएसपीसी सदस्यों पर सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर किया गया था, जिसे गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतोए पुलिस अवर निरीक्षक कन्हैया कुमार यादवए पुलिस अवर निरीक्षक दिलीप कुमार बास्कीए सहायक अवर निरीक्षक उपेंद्र नारायण सिंहए सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जमीन मापी करने जा रहे अमीन पर चली गोली

**नामकुम।** बड़ा कव्वाली में जमीन मापी करने जा रहे अमीन पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चलायी। घटना में अमीन मनोज गोप घायल हो गए। घायल मनोज को लेकर परिजन नामकुम थाना पहुंचे जहां से पुलिस नें उन्हे रिम्स पहुंचाया। घायल मनोज ने बताया कि उन्हे बड़ा कव्वली की एक महिला ने फोन कर जमीन नापने के लिए बुलाया था। वे वहीं जा रहे थे, उसी दौरान कव्वाली रिंगरोड पुल के पास उन्हें गोली की आवाज सुनायी दी और उनके पीठ में दर्द हुआ। उन्हे लगा कि उनके पीठ में गोली लगी है। वहीं एक्स रे रिपोर्ट में शरीर में गोली नहीं मिली है।

# रातू: सुंडील में ऑन स्पॉट 33 सौ मामले का निपटारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के सुंडील से सोमवार को दूसरे और अंतिम चरण का सरकार आपके द्वार समाप्त हो गया। पंचायत सचिवालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीडीओ हरिशंकर बारिक ने लोगों को केंद्र और राज्य संपोषित योजनाओं की जानकारी दी। पीएम आवास, पेंशनए राशन कार्डए पीसीसी सड़क और पक्की नाली, बिजली, पानी आदि समस्याओं को लेकर रिकार्ड 3511 मामले आये। इसमें 32 सौ का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। दर्जनों नये राशन कार्ड बनाये गये। शीला तिर्की को फूलो-झानो योजना के तहत दस हजार का चेक व जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। लाभुकों के बीच सोना.सोबरन योजना की धोती.साड़ी बांटी गयी। वहीं निबंधित मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड दिया गया। अध्यक्षता मुखिया लीला तिर्की ने की। संचालन तैय्यब अंसारी ने किया। स्वागत भाषण जिप सदस्य मनीषा देवी व धन्यवाद ज्ञापन सरपंच रीता कांसी ने दिया। मौके पर सीओ प्रदीप कुमार, डॉ विजय कुमार, देवानंद पांडेय, विनय कुमार, डॉ प्रीति, मनोज कुमार, मोहन प्रजापति, मनीता कुमारी, दीपिका हेंब्रम, अर्चना सिन्हा, अलख सिंह मौजूद थे।

### प्रखंड में आये 36 हजार मामले: बीडीओ

**रातू।** बीडीओ श्री बारिक ने बताया कि 12 अक्टूबर से 14 नवंबर तक करीब 36 हजार मामले आये। इसकी त्वरित सुनवाई कर समस्याओं का निष्पादन किया गया। परिसंपत्ति बांटी गयी। सैकड़ों राशन कार्ड बनाये गये। इस मौके पर ग्रामीण उत्साहित नजर आये।

# कबाड़ी लूटकांड के तीन आरोपी धराये

## नकद और मोबाइल बरामद, बाइक जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 368-22 का खुलासा करते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार की शाम जेल भेज दिया। इसमें मधुकम रुगड़ीगढ़ा सुखदेवनगर के स्व कुलदीप राम का 21 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार उर्फ गोलूए पंडरा लक्ष्मीनगर निवासी सुदीप उरांव का पुत्र 20 वर्षीय अनमोल उरांव व रोहतास जिले के डेहरी खैरा सकरा के कमलेश शर्मा का पुत्र 26 वर्षीय गणेश शर्मा शामिल हैं। इनके पास से लूट के 5 हजार नकद व दो मोबाइल बरामद किये गये हैं। घटना में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल जेएच 01 ईटी 1620 को भी जब्त कर लिया गया है। इन पर 10 नवंबर की दोपहर संडे मार्केट स्थित आमटांड़ रोड में कबाड़ी सुजीत कुमार और अबोध कुमार से 12 हजार नकद व दो मोबाइल सेट लूटकर फरार होने और दोनों को मारपीट कर जख्मी कर दिये जाने का आरोप है।

### गोलू कुमार है सरगना

राहुल कुमार उर्फ गोलू, गिरोह का सरगना है। तीनों के आतंक से क्षेत्र के लोग परेशान थे। इनकी गिरफ्तारी से न केवल पुलिस, बल्कि यहां के नागरिकों ने राहत की सांस ली है। गोलू मूल रूप से गुमला जिले के करौंदी तररी का रहने वाला है। थाने के अवर निरीक्षक चमरा मिंज केस के आईओ हैं।

### अभियान में थे शामिल

गिरफ्तारी अभियान में पुलिस निरीक्षक सह थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक चमरा मिंज, अभिषेक कुमार सिंह, पिंटू कुमार, राहुल कुमार, अंजन कुमार, उज्ज्वल कुमार, जीप चालक मोहन सिंह, रवि महली, रबीन्द्र कुमार व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर में

### कुड़मी/कुर्मी विकास मोर्चा की बाइक रैली

**सिल्ली।** सिल्ली टोटेमिक कुड़मी/कुरमी विकास मोर्चा के बैनर तले सोमवार को सिल्ली में दिल्ली संसद भवन घेराव ह्लहुड़का जामह्ल कार्यक्रम के सफलता को लेकर शिशुपाल महतो, रघुनाथ महतो एवं शशि महतो के नेतृत्व में बाइक रैली कर जागरुकता अभियान चलाया गया। बाइक रैली रघुनाथ महतो चैक बूढ़ाआम ,सिल्ली बजार, झारखंड मोड़ होते हुए स्वर्गीय विष्णु चरण महतो चैक छोटा मुरी में संपन्न हुआ। रैली में बुधराम महतो, कार्तिक चंद्र महतो, अंगद महतो, शिव चरण महतो, विकास महतो, नंदलाल महतो, जगरनाथ महतो, माधव चंद्र महतो, राजन महतो, जीतू महतो, शिवम महतो, कमल किशोर महतो, विमल चंद्र महतो, केशव चंद्र महतो, लंबू महतो, नेहरू महतो समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**इटकी।** बाल दिवस के मौके पर सोमवार को गुलजार रोड स्थित दर्सगाह इस्लामी अलकौसर हाई स्कूल प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले सफल विद्यार्थियों को पुस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सचिव हाजी मुर्शिद आलम, प्राचार्य हाशिम अंसारी, मास्टर मुर्शिद, जिब्राइल, फरहीन, सनाउल्लाह, नगमी, शमीम, एनामुल्लाह व इरफान सहित अन्य शामिल थे।

### चचगुरा और टिकरा टोली में अखड़ा का शिलान्यास



**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को प्रखंड के चचगुरा व टिकरा टोली में अखड़ा का शिलान्यास किया। इसके अलावा गढ़गांव में राजेंद्र साहू के घर से सरना स्थल तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। मौके पर रमेश महलीए घोमा सिंह, अजय गोप, अबू माज, अहमद, बब्लू, ताहिर, मोहित सहित अन्य शामिल थे।

### पति से नाराज महिला ने लगाई फांसी, मौत

**नामकुम।** सिंदवारटोली में एक महिला शुक्रो देवी 32 वर्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि षुक्रो का उसके पति कुंवर महतो के साथ पैसे को लेकर कहासुनी हो गयी थी। जिसके कारण वह काफी नाराज थी तथा वह कुंएं में कूदकर जान देने की बात कहने लगी। जिसपर उसकी बेटी और पति ने मिलकर उसे रात को कमरे में बंद कर दिया। सुबह जब पति कुंवर और बेटी ने दरवाजा खोला तो वह साड़ी का फंदा बनाकर छत से झूल रही थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इस संबंध में यूडी केस दर्ज किया गया है।

### बेड़ो: अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां पहली सड़क दुर्घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग पावर ग्रिड के समीप जरिया गांव निवासी लगभग 22 वर्षीय मनोज उरांव पिता मंगा उरांव असंतुलित होकर सड़क पर ही गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दूसरी घटना रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग करांजी देवी टोली मंदिर के समीप पैदल सड़क पर चल रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला संजीवन खातून पति गुलाब अंसारी को रांची की ओर से लोहरदगा की ओर जा रहे तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### खेलो झारखंड के तहत खेलकूद प्रतियोगिता

**सिल्ली।** जिला शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्ग एक से 5 वीं तक बोरा दौड़, गोली चम्मच, म्यूजिकल चेयर, 10 मीटर दौड़ एवं जलेबी रेस का आयोजन किया। वर्ग 6 से बारहवीं तक विभिन्न दूरी के दौड़, कब्बडी, वॉलीबॉल, कुश्ती तीरंदाजी, हॉकी फुटबॉल, ऊंची कूद, लंबी कूद, जेबलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो एवं डिसकस थ्रो की प्रतियोगिता हिस्सा लिया।

### मैक्लुस्कीगंज के स्कूलों में मना बाल दिवस

**मैक्लुस्कीगंज।** लिटिल विंग्स स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं बाल दिवस धूमधाम से से मनाया गयाण कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक रवि गिरीए प्रबंधन निर्देशक ऋषि गिरिए प्रधानाध्यापिका सोमा मुखर्जी शिक्षकों व बच्चों ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा और पंडित जवाहरलाल नेहरु के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर किया। मौके पर शिक्षकों व बच्चों ने मिलकर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और भगवान बिरसा मुंडा का चित्र बनाये।

### डॉन बॉस्को एकेडमी के बच्चे सम्मानित

**मैक्लुस्कीगंज ।** मैक्लुस्कीगंज में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गयाण जैनेट एकेडमी में कार्यक्रम की शुरूआत एकेडमी के प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर कियाण वहीं क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों के लिए खेल कूदए नृत्यए संगीतए क्विज, ड्रॉइंग, पेंटिंग सहित कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पर देकर सम्मानित कियाण इस अवसर पर मुकेश कुमार सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### स्टेपिंग स्टोन पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस

**नामकुम।** स्टेपिंग स्टोन पब्लिक स्कूल कोचाटोली में सोमवार को बाल दिवस धुमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए पेंटिंग, क्वीज, जलेबी रेस, बाद विवाद सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथो पुरस्कृत किया गया। प्रचार्या शोभा पांडेय ने बताया कि मौके पर बच्चों ने चाचा नेहरू का जन्मदिन केक काटकर मनाया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# निलय कॉलेज का 50वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**ठाकुरगांव ।** नेहरू युवा केन्द्र का 50वां स्थापना दिवस सोमवार को निलय कॉलेज परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन चंद्रशेखर आजाद युवा संगठन ठाकुर गांव के सौजन्य से की गई। मौके पर नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस 21वीं सदी में युवाओं का राष्ट्रप्रेम के प्रति मिल रहे योगदान की प्रशंसा करते हुए केंद्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जयकुमार कुशवाहा ने किया व धन्यवाद ज्ञापन सचिव उमेश वैद्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौरव चुगए अनिल साहूए मुखिया सचिन पाहनए मुखिया अनुपमा देवीए बिंटू शाहदेवए सूरज महतोए सीताराम पाहनए आशीष वैद्यए विश्वजीत मौर्याए अमन वैद्य समेत अन्य शामिल थे। वहीं दूसरी और पंडित नेहरू की जयंती के अवसर पर बुढ़मूए चकमेए उमेडण्डाए आदि जगहों पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# सरकार आपके द्वार: सुरसा में परिसंपत्तियों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सुरसा में किया गया। इस शिविर के दौरान मांडर प्रखण्ड अन्तर्गत योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही परिसम्पतियों का वितरण किया गया। मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साड़ी का वितरण, कंबल वितरण, नरेगा नई योजनाए सेवा की गारंटी, स्वास्थ्य जांच, केसीसी छात्रावृति, 15वें वित्त, ग्रीन राशन कार्ड वितरण, सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य मामले का निपटारा किया गया। मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी उपस्थित हुए। उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। प्रमुख फिलीप सहाय एक्का ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर हाल में जरूरतमंदों तक पहुंचे। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग में जो ही मामले हैए उसका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी ने कहा कि सरकार की इस कार्यक्रम का लक्ष्य योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना है।

# सरकार आपके द्वार: 90 लाख रुपए की परिसंपत्ति का वितरण

**सिकिदिरी।** आपकी योजनाए आपकी सरकार.आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को टाटी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समस्याओं को सुना। मौके पर ग्रामीणों ने राशन डीलरों के द्वारा कम अनाज दिये जाने की शिकायत की। विधायक व बीडीओ ने राशन डीलरों को कार्यशैली पर सुधार लाने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने कहा कि टाटी व सुरसु क्षेत्र में ग्रामीण बिजली के लिए तरसते हैंण विधायक ने उपस्थित अभियंता इसमें सुधार करने का निर्देश दिया। कहा कि अधिकारी अपने जिम्मेदारियों का निर्वाह्व कर्तव्यनिष्ठ होकर करें। विधायक के निर्देश पर सीओ पुष्पक रजक ने एक पखवाड़े के अंदर जोन्हा क्षेत्र के सभी पंचायतों में भूमि सुधार से संबंधित विशेष शिविर आयोजित करने की घोषणा की। मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध आदित्य कला मंच के रमण कुमार मिश्रा एवं टीम के द्वारा किया गया।

# सुनीता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग।** आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामेश्वर गोप की अध्यक्षता तथा सहायक शिक्षक फादर राजेंद्र खाखा के संचालन में अभिभावकों की आम सभा के दौरान सर्वसम्मति से सुनीता टोप्पो को अध्यक्ष तथा रेमनी उराईन को उपाध्यक्ष चुन लिया गया। बैठक के मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रामेश्वर गोप ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की भूमिका और उनके कर्तव्यों के बारे में प्रकाश डाला। आमसभा के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अलावे सदस्य के रूप में दिलीप खाखाए अजय लकड़ाए झिरगा कुजुरए नीलिमा मिंजए भोथे उरांवए कलावती देवीए फूलमनी देवीए संयोजिका सुमन लकड़ाए दिव्या सांगा, शांति देवीए बाल संसद के प्रतिनिधि के रूप में अनुदीप प्रधानए सदस्य संयोजक के रूप में पदेन सदस्य रामेश्वर गोपए शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में पदेन सदस्य उषा सरोजिनी मिंज तथा पंचायत प्रतिनिधि के रूप में वार्ड सदस्य का चयन किया गया।

